**Khaitan CHEMICALS AND FERTILIZERS LIMITED**
CIN : L24219MP1982PLC004937
The B Zone, 7th Floor, Pipliya Kumar, Nipania Main Road, Indore - 453771 (M.P.)
Phone : 0731-4753666, E-mail : secretarial@kcfl.in, Website : www.kcfl.co.in

May 19, 2026

To,
The Manager (DCS/Compliance)
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, MUMBAI-400 001
Scrip Code : 507794

To,
The Manager (Listing/Compliance)
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, Bandra-Kurla Complex,
Bandra (East), MUMBAI-400 001
Symbol : KHAICHEM

**Sub: Newspaper Advertisement - Transfer of unclaimed dividend/equity shares to Investor Education and Protection Fund (IEPF) Account.**

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Section 124 of the Companies Act, 2013 (the "Act"), Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016, as amended ("the Rules") and Regulation 30 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith the copies of the following newspaper advertisements published in **Free press (English Edition)** and **Choutha Sansar (Hindi Edition)** dated May 19, 2026 for the attention of equity shareholders in respect of transfer of equity shares to Investor Education and Protection Fund (IEPF) Account and also about Special Window for Re-Lodgement of Transfer Requests of Physical Shares.

Kindly take the above information on your Record.

Thanking you,

Yours faithfully,

**For and on Behalf of**
**KHAITAN CHEMICALS AND FERTILIZERS LIMITED**

Sejal Maheshwari
Digitally signed by Sejal Maheshwari
Date: 2026.05.19 12:12:10 +05'30'

**Sejal Maheshwari**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No. F13942**

## एक नजर



### जैन सोशल ग्रुप स्वागत ने मनाया स्थापना दिवस

इंदौर,(नप्र)। जैन सोश्यल ग्रुप स्वागत की स्थापना के 25 वर्ष पू र्ण होने पर भंडारी रिसोर्ट मे सदस्यों ने हर्षोल्लास से मिलन समारोह मनाया। समारोह में सभी सदस्य दिल से मिले और नाच गाने के साथ दिल खोलकर अपने - अपने अनुभव साझा किये। यह जानकारी देते हुए ग्रुप के प्रचार सचिव योगेंद्र सांड ने बताया कि मिलन समारोह में फनी गेम्स भी खेले गए। सभी सदस्यों को सकोरे का वितर ण कर संकल्प लिया कि वे भीष ण गर्मी में मूक पशु - पक्षियों की निस्वार्थ भाव से सेवा करेगे। उन्हें दाना खिलायेगे और पानी पिलायेगे। कार्यक्रम में ग्रुप के अध्यक्ष श्रीपाल सकलेचा व सचिव विजय जैन के नेतृत्व में सदस्यों को सकोरे का वितर ण किया। इस अवसर पर ग्रुप के ललित वोरा, मोहनलाल जैन, सुशील गोखरू, सुरेश छाजेड, विमल बापना, दिनेश धींग विशेष रूप से उपस्थित थे ।

### कल से 5 दिवसीय दिगंबर जैन समाज का वार्षिकउत्सव

इंदौर,(नप्र)। सकल दिगंबर जैन समाज युवा वेलफेयर सोसायटी इंदौर, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप एकता ओर अनंत सेवा न्यास न्यू दिल्ली संस्था द्वारा जैन समाज का 5 दिवसीय वार्षिकउत्सव 20 से 24 मई तक हंसदास मठ में आयोजित होगा। जानकारी देते हुए आयोजक पंडित योगेन्द्र महंत, संस्थापक राहुल सेठी, पीयूष रावका, अनंत महंत और पवन पाटोदी ने बताया की वार्षिक उत्सव में समाज के हर वर्ग आयु के लोगों के अनुसार सांस्कृतिक आयोजन रखे है। 23 मई को 100 फीट लंबे कैनवास पर कलाकार डॉ सीमा अलावा और उनके सहयोगी हर्ष जाटव-पवन निषाद द्वारा पेंटिंग से बनाई गई रामाय ण के दर्शन शाम 7 से रात 8.30 बजे तक होंगे। आयोजन में मुख्य अतिथि मंत्री कैलाश विजयवर्गीयजी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी , पूर्व विधायक आकाश जी विजयवर्गीय, समाजसेवी भरत कुसुम मोदी जी, संजय अर्चना पाटोदी जी होंगे। 20 से 24 मई तक समर-फूड कॉर्नीवॉल के साथ दिगम्बर जैन प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होगा। शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक ये टूनार्मेंट चलेगा। इसमें 24 टीमें महिलाओं की ओर 32 टीमें युवको कि भाग लेंगी।

### कपड़ा व्यापारी से 1.67 लाख की ठगी, बा णगंगा पुलिस ने दर्ज किया केस

इंदौर,(नप्र)। कपड़ा व्यापारी के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी कंपनी का कर्मचारी बताकर व्यापारी से ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करा लिए। मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, योगेंद्र तिवारी की शिकायत पर अंकित जैन नाम के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। योगेंद्र तिवारी कपड़ा व्यापारी हैं। मार्च 2025 में उनके पास एक मोबाइल नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने अपना नाम अंकित जैन बताते हुए खुद को डीटीबीएक्स एक्सचेंज कंपनी का कर्मचारी बताया। अंकित ने योगेंद्र तिवारी को बताया कि उनकी कंपनी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कराती है और इसमें हाई रिटर्न मिलता है। उसकी बातों में आकर व्यापारी ने निवेश करना शुरू किया। सबसे पहले 24 मार्च 2025 को 5 हजार रुपए निवेश किए गए। इसके बाद करीब सात ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 1 लाख 67 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। आरोपियों ने एक फर्जी अकाउंट और वेबसाइट उपलब्ध कराई, जिसमें निवेश की गई राशि और बढ़ता हुआ मुनाफा दिखाया जाता था। इसी दौरान दो अन्य लोगों ने खुद को डीटीबीएक्स एक्सचेंज कंपनी का कर्मचारी बताते हुए अपना नाम राहुल और आर्यन बताया। उन्होंने कहा कि वे भी कंपनी में रिलेशनशिप मैनेजर हैं। दोनों ने भी व्यापारी से तीन से चार बार निवेश कराया। जब व्यापारी ने कंपनी की वेबसाइट और एप लिंक के जरिए रुपए निकालने की कोशिश की, तब उससे और रकम जमा करने की मांग की गई। अतिरिक्त राशि नहीं देने पर उसका अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया।

# टेंट हाउस के गोदाम में लगी भीषण आग

## कई किमी दूर से दिखा धुआं, आग बुझाने में फायर फाइटिंग रोबोट का भी इस्तेमाल हुआ

इंदौर,(नप्र)। खजराना थाना क्षेत्र के कर्बला के पास सोमवार सुबह टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई देने लगा। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया।



आग बुझाने के लिए नगर निगम के फायर फाइटिंग रोबोट का भी इस्तेमाल किया गया। रोबोट की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग को नियंत्रित करने के लिए टीन शेड को जेसीबी और पोकलेन मशीन की मदद से हटाया गया, जिसके बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया गया।

### चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

फायर ब्रिगेड के अनुसार गोदाम में आग लगने के बाद कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर चार दमकल गाड़ियां पहुंचीं और आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की गई। बताया जा रहा है कि गोदाम में शादी-ब्याह के लिए डेकोरेशन और टेंट का सामान रखा हुआ था। गोदाम बड़ा होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई।

### फायर फाइटिंग रोबोट का भी इस्तेमाल

### 25 से ज्यादा टैंकर पानी का उपयोग

फायर ब्रिगेड और नगर निगम की टीमों ने मिलकर 25 से अधिक टैंकर पानी का उपयोग किया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, हालांकि शुरूआती तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

# युवक पर चाकू से हमला, वीडियो वायरल

## घर के बाहर बाइक खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद, सीने-पीठ और जांघ में लगा चाकू

इंदौर,(नप्र)। युवक पर चाकू से हमला करने का वीडियो सामने आया। इसमें आरोपी युवक पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला करता नजर आ रहा है। आरोपी एक के बाद एक युवक पर कई वार करता दिख रहा है। हमले में युवक को चाकू के चार वार लगे हैं। घायल युवक को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती किया है। इधर, पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

ये घटना रविवार रात को एमआईजी थाना क्षेत्र के देव नगर की है। एमआईजी टीआई सीबी सिंह ने बताया कि यहां पर रहने वाले अमित बौरासी ने यादव परिवार के घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी थी। यहां पर गौतम यादव जो कुलकर्णी भट्टा का रहने वाला है, वह अपनी मां से झगड़ा कर देव नगर में अपने चाचा के घर रहने आ गया था। जब अमित ने यादव परिवार के घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी तो गौतम ने उसे मना किया। इस बात पर उनका विवाद हो गया।

### बढ़ गया विवाद, ताबड़तोड़ मार दिए चाकू

टीआई सीबी सिंह ने बताया कि उनके बीच में विवाद बढ़ता चला गया। इसके बाद आरोपी गौतम घर से चाकू लाया और अमित पर ताबड़तोड़ एक के बाद एक कई वार कर दिए। घटना में अमित को चाकू के चार वार लगे। दो वार जांघ पर, एक सीने के पास और एक पीठ पर लगा है। घटना के बाद उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में टीआई का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी पर दो से तीन आपराधिक मामले में दर्ज है।

# लेडी ड्रग्स माफिया और पुलिसकर्मी सहित कई लोगों को पकड़ा

इंदौर,(नप्र)। सोमवार तड़के कमिश्नरेट पुलिस ने एक गोपनीय और बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए शहर में सक्रिय आपराधिक नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की।

जानकारी के मुताबिक ऑपरेशन में क्राइम ब्रांच के साथ छह थानों की पुलिस टीमों को लगाया गया था। आरोपितों से ड्रग्स नेटवर्क और उससे जुड़े कारोबार को लेकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार सबसे पहले क्राइम ब्रांच ने द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रहने वाली अलका दीक्षित को हिरासत में लिया। उसे गुप्त स्थान पर ले जाकर पूछताछ की गई।

**प्रधान आरक्षक के घर पर छापा मारा-** इसके बाद दूसरी टीम को अलर्ट किया गया और अलका के बेटे जयदीप को अहिरखेड़ी इलाके से हिरासत में लिया गया। जयदीप से पूछताछ जारी थी, तभी एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रधान आरक्षक विनोद के घर पर छापा मारा।

बताया जा रहा है कि विनोद भी इस कारोबार से जुड़ा है। वह लंबे समय तक क्राइम ब्रांच में पदस्थ रहा है और वर्तमान में इंटेलिजेंस शाखा में तैनात है। कार्रवाई के दौरान उसके परिजनों ने विरोध भी किया। पुलिस ने विनोद के बेटे का लैपटॉप और मोबाइल भी जब्त कर लिया है।

**अवैध शराब से ड्रग्स नेटवर्क तक पहुंची अलका-** अहिरखेड़ी निवासी अलका दीक्षित लंबे समय से अवैध शराब कारोबार से जुड़ी बताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर उसका प्रभाव इतना था कि कई थाना प्रभारी बदलने के बावजूद उसका नेटवर्क सक्रिय बना रहा।

### रीजनल पार्क में पुलिस का सीक्रेट स्टिंग ऑपरेशन

# सादे कपड़ों में आईं महिला आरक्षकों से छेड़छाड़ करने वाले दो मनचले गिरफ्तार

इंदौर,(नप्र)। महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने रविवार रात रीजनल पार्क क्षेत्र में गुप्त स्टिंग ऑपरेशन चलाकर दो मनचलों को रंगे हाथों पकड़ लिया। ऑपरेशन सिक्रेट मिडनाइट और ऑपरेशन मजनू के तहत की गई इस कार्रवाई में महिला पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में मैदान में उतारा गया था।



पुलिस के मुताबिक रीजनल पार्क इलाके से लगातार महिलाओं के साथ छेड़छाड़, सीटी बजाने और फब्तियां कसने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और एडिशनल डीसीपी मयंक अवस्थी के निर्देश पर महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

### सादे कपड़ों में महिला आरक्षकों को भेजा

इसके बाद अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें महिला पुलिसकर्मियों और सिविल ड्रेस में पुलिस जवानों को शामिल किया गया। रविवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच दो महिला आरक्षकों को आम युवतियों की तरह सादे कपड़ों में रीजनल पार्क क्षेत्र में भेजा गया। उनके पीछे पुलिस की बैकअप टीम भी तैनात रही।

जैसे ही महिला आरक्षक पार्क क्षेत्र में पहुंचीं, वहां मौजूद दो युवकों ने सीटी बजाना शुरू कर दिया। आरोपियों ने हेलो मैडम, आपका नंबर मिलेगा क्या?ह्व जैसे कमेंट भी किए। इसी दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने तुरंत उन्हें रोक लिया और पीछे से मौजूद पुलिस टीम ने दोनों युवकों को घेरकर पकड़ लिया।

### आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही

पूरी कार्रवाई इतनी गोपनीय तरीके से की गई थी कि आरोपियों को इस बात की भनक तक नहीं लगी कि जिन युवतियों पर वे फब्तियां कस रहे हैं, वे महिला पुलिसकर्मी हैं। महज 45 मिनट के भीतर दोनों आरोपी पुलिस के जाल में फंस गए।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए दोनों युवकों की उम्र करीब 18 वर्ष है। फिलहाल उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और उनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं से अभद्रता और छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि शहर में महिलाओं की सुरक्षा और विश्वास दोनों को मजबूत किया जा सके।


## कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक INDAL0520260032 :: विज्ञप्ति :: दिनांकः- 09/MAY/2026

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा ग्राम- दतोदा, तहसील- अम्बेडकर नगर (महू), जिला-इंदौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

| अ. क्रं. | कॉलोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिए विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखंडों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | आवेदक ऑन हाईवे बिजनेस प्रा.लि. तर्फे डायरेक्टर 1. श्री विशाल जाधवानी पिता श्री सुरेश जाधवानी 2. श्री सिद्धार्थ जाधवानी पिता श्री वासुदेव जाधवानी पताः- 101, प्रेम पैलेस अपार्टमेंट खातीवाला टेंक, इन्दौर म.प्र. कालोनी का नाम "NAKSSHANTRA PRIME" | ग्राम-दतोदा तहसील-डॉ. अम्बेडकर नगर (महू), जिला इन्दौर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 357/1 रकबा 0.052 हे., 357/2 रकबा 0.101 हे., 357/3 रकबा 0.101 हे., 357/4 रकबा 0.105 हे., 353/1 रकबा 1.291 हे. में से 0.984063 हे., 357/5 रकबा 0.053 हे., 358 रकबा 0.45 हे., 359/1 रकबा 1.141 हे., 359/2 रकबा 0.676 हे. में से 0.29211 हे. कुल रकबा 3.970 हे. में से 3.2792 हे. पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक एमपी7 आईजीआर17512026ए1004393 70 इंदौर दिनांक 09.04.2026 से भूखण्ड क्रमांक एसआर-8 से एसआर-16, 60 से 66, 68, 69, 76, 99, 100, 130, 131, 136, 137, 140, 143 से 157, 168 से 170, 175 से 186, 200 से 203, 208, 209, 213 से 215 इस प्रकार कुल 65 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 5090.01 वर्गमीटर बंधक रखे गए है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 65 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये है।अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नही किया जावेगा।

(सक्षम प्राधिकारी एवं कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित) **अपर कलेक्टर, जिला इन्दौर म.प्र.**



## कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.)

**क्रमांक INDLP07032625858/दिनांक/18/MAY/2026**

क्र/2001 दिनांक 17/MAY/2026

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियों आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स- SHRI BHANWARLAL S/O SHRI RATANLAL JOSHI द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-

(क) परियोजना का नामः- SMART PARADISE

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम Talawali chanda (og) तहसील Indore व जिला Indore की भूमि सर्वे क्रमांक/ खसरा क्रमांक 169 (S) कुल रकबा 1.777 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजनः-RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING

(घ) स्वीकृति क्रमांक 6446 दिनांक 2021-07-23

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=YMm31G5Uui2001 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश जिला इन्दौर म.प्र.**



## सावधान -जाहिर सूचना

सर्व साधारण व वित्तीय संस्थाओं, बैंक, सहकारी साख संस्थाओं को सूचित व आगाह हो कि मकान नंबर 127 पटेल नगर, वेलोसिटी के पीछे, इंदौर मेरा श्रीमती कौशल्याबाई पति नरेंद्र प्रजापति के मालिकी हक का रजिस्टर्ड मकान है। मैं इसमें परिवार सहित निवासरत हूं। इस मकान पर किसी भी बैंक, वित्तीय संस्था, पेढ़ी का कोई ऋण नहीं है। मेरा पुत्र रवि प्रजापति मेरे कहने-सुनने में नहीं है। हमने उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रखा है। यदि उक्त मकान को बंधक, गिरवी रखकर कोई व्यक्ति ऋण लेने की चेष्टा करता है तो ये हम पर बंधनकारक नहीं होगा। अतः उक्त मकान संबंधी लेन-देन कोई ना करे। सो विदित हो।

इंदौर, दिनांक 18-5-2026

**श्रीमती कौशल्याबाई पति नरेंद्र प्रजापति**
**127, पटेल नगर, वेलोसिटी के पीछे, इंदौर (मप्र)**



## खेतान केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड

**सी.आई.एन.: L24219MP1982PLC004937**
पंजीकृत कार्यालय : ए.बी. रोड, ग्राम निमरानी, तहसील कसरावद, जिला खरगोन-451569 (म.प्र.) फोन: 0731-4753666
ई-मेल: secretarial@kcfl.in, वेबसाइट: www.kcfl.co.in

### इक्विटी शेयरधारकों के लिए सूचना

**विषय: कंपनी के इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (IEPF) सस्पेंस खाते में अंतरण**

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 तथा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष प्राधिकरण (लेखांकन, ऑडिट, अंतरण एवं वापसी) नियम, 2016 के तहत, कंपनी के वे इक्विटी शेयर जिन पर लाभांश लगातार सात वर्षों तक दावा नहीं किया गया है अथवा वह अवितरित रहा है, उन्हें भारत सरकार के निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (IEPF) में स्थानांतरित किया जाना अनिवार्य है।

वित्तीय वर्ष 2018-19 तक के अवितरित लाभांश को कंपनी द्वारा निर्धारित समयावधि में IEPF में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जबकि वित्तीय वर्ष 2019-20 से आगे के लाभांश वर्तमान में कंपनी के पास उपलब्ध हैं।

इस संबंध में संबंधित शेयरधारकों को दिनांक 27 मार्च 2026 को उनके पंजीकृत पते पर व्यक्तिगत पत्र भेजे जा चुके हैं। जिन शेयरधारकों के शेयर IEPF में स्थानांतरित किए जाने हैं, उनकी जानकारी (नाम, पता, फोलियो नंबर, शेयरों की संख्या) कंपनी की वेबसाइट **www.kcfl.co.in** पर उपलब्ध कराई गई है।

जिन शेयरधारकों ने पिछले सात वर्षों से लाभांश का दावा नहीं किया है, वे दिनांक 07 अक्टूबर 2026 (या यदि बढ़ाया जाए तो उस तिथि) से पूर्व कंपनी को लिखित रूप से संपर्क करके लाभांश का दावा करें। यदि निर्धारित तिथि तक कोई वैध दावा प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी उन शेयरों को IEPF सस्पेंस खाते में स्थानांतरित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगी।

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले संबंधित शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी IEPF अंतरण के लिए मूल शेयर प्रमाण पत्र के स्थान पर डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करेगी, जिसे बाद में डिमैट रूप में परिवर्तित कर IEPF को ट्रांसफर किया जाएगा। मूल प्रमाण पत्र स्वतः रद्द माने जाएंगे। डिमैट में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के मामले में कंपनी संबंधित डिपॉजिटरी को कॉर्पोरेट एक्शन के माध्यम से जानकारी देगी।

यदि शेयरधारक IEPF को अंतरण के बाद अपने शेयर पुनः प्राप्त करना चाहते हैं, तो उन्हें IEPF की वेबसाइट (**www.iepf.gov.in**) पर उपलब्ध फॉर्म IEPF-5 के माध्यम से अलग से आवेदन करना होगा।

**कृपया ध्यान दें कि IEPF प्राधिकरण को किए गए अंतरण के बाद कंपनी या उसके रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट के विरुद्ध कोई दावा मान्य नहीं होगा।**

किसी भी स्पष्टीकरण हेतु संपर्क करें:

**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी:**
The B-Zone, 7वीं मंज़िल, पिपलिया कुमार, निपानिया मेनरोड, इंदौर – 453771 (म.प्र.)
फोन: 0731-4753666 | **ईमेल: secretarial@kcfl.in**

**कंपनी का रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट:**
**मेसर्स अंकित कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड**, 60, इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स, परदेशीपुरा, इंदौर – 452010 (म.प्र.)
फोन: 0731-4065799/98/97 | **ईमेल: investor@ankitonline.com**

**भौतिक शेयरों के ट्रांसफर अनुरोधों के पुनः प्रस्तुतिकरण हेतु विशेष विंडो**

शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि सेबी (SEBI) के पूर्ववर्ती परिपत्र दिनांक 02 जुलाई, 2025 के क्रम में, जिसमें 01 अप्रैल, 2019 से पूर्व प्रस्तुत किए गए भौतिक शेयरों के ट्रांसफर डीड, जो त्रुटियों/कमियों के कारण अस्वीकृत अथवा वापस कर दिए गए थे, उनके पुनः प्रस्तुतिकरण हेतु विशेष विंडो प्रदान की गई थी, सेबी ने अपने आगामी परिपत्र दिनांक 30 जनवरी, 2026 के माध्यम से उक्त सुविधा को आगे बढ़ा दिया है।

अद्यतन परिपत्र के अनुसार, शेयरधारकों को 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की विशेष अवधि प्रदान की गई है, जिसके दौरान वे आवश्यक एवं पूर्ण दस्तावेजों सहित ऐसे ट्रांसफर अनुरोध हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("RTA") अर्थात् **मेसर्स अंकित कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड**, 60, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, परदेशीपुरा, इंदौर – 452010 (म.प्र.) के कार्यालय में पुनः प्रस्तुत कर सकते हैं तथा उसकी स्कैन कॉपी **investor@ankitonline.com** पर ईमेल कर सकते हैं, जिसकी प्रति **secretarial@kcfl.in** पर भी प्रेषित की जानी आवश्यक होगी।

बोर्ड के आदेश से
**खेतान केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड** के लिए
Sd/-
**सेजल माहेश्वरी**
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान: **इंदौर**
दिनांक: **18 मई 2026**


# 2047 का भारत विश्व का नेतृत्व कर्ता होगा

## भारत फिर से सोने की चिड़िया कहलायेगा और विश्व गुरु बनेगा - महेंद्र सिंह

इंदौर,(नप्र)। भारतीय जनता पार्टी के मध्य प्रदेश के प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह ने कहा है कि वर्ष 2047 का भारत विश्व का नेतृत्व करने वाला भारत होगा। वह भारत एक बार फिर सोने की चिड़िया के रूप में पहचाना जाएगा। वह भारत विश्व गुरु होगा। पूरी दुनिया भारत के बताएं रास्ते पर चलेगी।




वे आज यहां अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 66वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला को संबोधित कर रहे थे। उनका विषय था भारत दृष्टि 2047। अपनी बात को आंकड़ों के साथ रखते हुए उन्होंने कहा कि बीते हुए जमाने में भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। यह इसलिए कहा जाता था क्योंकि भारत के हर मंदिर में सोना लगा हुआ था। देश की आजादी के पहले अंग्रेज हमारे देश से सोना लूट कर ले गए। अब यदि हम आज की स्थिति की चर्चा करें तो भारत सरकार ने विरासत से विकास का लक्ष्य तय किया है। आचार्य चाणक्य ने कहा था कि देश की प्रगति के लिए कोष और सैन्य शक्ति का मजबूत होना जरूरी है। राजनीतिक गुलामी से पहले आर्थिक गुलामी आती है। हम हमारे देश के मंदिरों की चर्चा करें तो सोमनाथ के मंदिर पर 25 साल पूर्व किसी भी गुंबद पर सोना नहीं था और आज हर गुंबद सोने का है। मुंबई के सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर पूरा मंदिर सोने का है। बाबा विश्वनाथ का मंदिर पूरा राजा रणजीत सिंह ने सोने का बनवा दिया। इस तरह एक बार फिर हम वैभवशाली स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत चौथे स्थान पर है। इस समय हमारी इकोनॉमी 4.76 ट्रिलियन डॉलर की है। वर्ष 2029 तक हम तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे और 2035 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। जब वर्ष 2047 आएगा तब अर्थव्यवस्था में भारत दुनिया में नंबर एक पर होगा। इस समय अमेरिका की अर्थव्यवस्था 29 ट्रिलियन डॉलर की है, चीन की 18 ट्रिलियन डॉलर की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ग्रोथ रेट 2.5% है, जर्मनी की 0.9% है, जापान की एक प्रतिशत है, चीन की 4.5 प्रतिशत है और भारत की 7% है। पूरी दुनिया की जमीन 51 करोड़ वर्ग किलोमीटर की है। इसमें से 98 लाख वर्ग किलोमीटर पर अमेरिका, 95 लाख वर्ग किलोमीटर पर चीन, 2 लाख वर्ग किलोमीटर पर ऑस्ट्रेलिया और 37.8 वर्ग किलोमीटर पर भारत है। पूरी दुनिया की जमीन में भारत की हिस्सेदारी 4% है जबकि आबादी 17% है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि का स्वागत मुरली खंडेलवाल, इशान श्रीवास्तव, मेघा बर्वे ने किया। अतिथि का परिचय अशोक कोठारी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन माला सिंह ठाकुर ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन अशोक बडजात्या ने किया। अतिथि को स्मृति चिन्ह संजय त्रिपाठी, मुकेश तिवारी ने भेंट किया।


## Bandhan Bank

रीजनल ऑफिसः नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

### सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी । ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है । अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा । सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है ।

| ऋणियों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता सं. | बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां) | मांगपत्र की तिथि | सांकेतिक कब्जे की तिथि | कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक |
|---|---|---|---|---|
| अशोक कुमार शिवकांता बाई 20008280001992 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो संपत्ति भूमि क्षेत्रफल 53.53 वर्ग मीटर, अंतिम प्लॉट नंबर 15, सर्वे नंबर मकान नंबर 15, पंजियां नंबर 14, पीएचएन 36, वार्ड क्रमांक 10, 15 आरआईसी 1 आगर मालवा, ग्राम पंचायत हरगनखेड़ी, ग्राम कलमोल तहसील– आगर, कल्मोल के सामने, शहर आगर, मध्य प्रदेश में स्थित है और जो आवरित है: उत्तर : राम मंदिर, पूर्वः भरत जी शर्मा का घर, पश्चिमः रास्ता चौक, दक्षिणः प्रेमनारायण का घर | जुलाई 19,2025 | मई 14,2026 | रु.8,68,793.27 |
| शंभू लाल शर्मा विद्या शंभुलाल बाई 20008280001110 20008280001133 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो संपत्ति भूमि क्षेत्रफल 41.63 वर्ग मीटर, अंतिम प्लॉट नंबर 47, पीएचएन 06, मकान नंबर 47, खसरा नंबर 545, ग्राम रणायरा बड़ोद, क्षेत्र– ग्राम पंचायत रामाखेड़ी, तहसील– बड़ौद, जिला– आगर मालवा, शहर बड़ौद, मध्य प्रदेश में स्थित है और जो आवरित है: उत्तरः बलराम पुत्र रतन लाल का घर, पूर्व : आम रास्ता, पश्चिमः पन्नालाल पुत्र रतन लाल जी का घर, दक्षिण : आम रास्ता | सितम्बर 25,2025 | मई 14,2026 | रु.1,88,560.71 |
| हैदर खान हसीना बी हैदर खान 20008010004557 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो संपत्ति सर्वेक्षण सं. पीएचएन. 54, अंतिम प्लॉट नं./मकान नं. 77, विशाल क्षेत्रफल 1470 वर्ग एफटी. ग्राम एवं ग्राम पंचायत जाफला, तहसील बड़नगर, जिला. उज्जैन, मध्य प्रदेश–456771 में स्थित है और जो आवरित है: उत्तरः श्रीमान का घर इशराइल खा, पूर्व : आम सड़क, पश्चिमः एमआर का घर. बलराम, दक्षिणः एमआर का घर जिब्राहिल खा | जनवरी 19,2026 | मई 14,2026 | रु.4,05,418.98 |

स्थानः उज्जैन
तारीखः मई 19, 2026

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

